# HALF YEARLY EXAMINATION, 2024-25

## HINDI

**Time – 3 Hrs.** **Class – XI** **M.M. : 80**

**Date – 12.09.2024 (Thursday)**

**Name of the student _______________________________________________Section _____**

**सामान्य निर्देश –**
1. दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है ।
2. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।

**प्रश्न1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** (10)

हर व्यक्ति के जीवन में एक बार तो ऐसा समय आता ही है, जब उसे लगने लगता है कि सारी चीजें विरोध में हैं । वह किसी के लिए कितना भी अच्छा सोचे सामने वाले को गलत ही लगेगा । वह कितनी भी मेहनत कर ले, उसे असफलता ही मिलेगी। ऐसे समय में उसके मस्तिष्क में नकारात्मक विचार ही घुमड़ते रहते हैं । जो निरंतर अविश्वास की बारिश करते हैं तथा निराशा में डुबो देते हैं । इस परिस्थिति में मनुष्य को सरल मार्ग दिखाई देता है — आत्महत्या का । किंतु आत्महत्या कर जीवन को विराम देना कोई समाधान नहीं है । यदि ऐसी स्थिति में कोई आगे बढ़कर हाथ थाम ले, कोई सहारा दे तो हो सकता है कि जीवन से निराश व्यक्ति का जीवन भी प्रकाशित हो जाए और ऐसा व्यक्ति अवसाद से मुक्त हो इतना बड़ा कार्य करे कि इतिहास ही रच दे और लोग दांतों तले उंगली दबा लें । कहने का तात्पर्य है कि यदि हम किसी हताश-निराश व्यक्ति को प्रेरित करते हैं और उसका मनोबल बढ़ाते हैं तो उसका आत्मविश्वास जाग जाता है और यहीं से आरंभ होता है असंभव को संभव कर दिखाना । देखा जाए तो हर व्यक्ति की अपनी क्षमता एवं सीमाएं होती हैं, किंतु विपरीत परिस्थिति होने पर उसे अपनी ही शक्ति पर अविश्वास-सा का होने लगता है। ऐसे में उसका मनोबल डगमगाने लगता है, इस स्थिति में थोड़ी सी  प्रेरणा ही उसे उत्साहित कर देती है । इस बात को हम ऐसे भी समझ सकते हैं कि जब सबको पता लग चुका था कि सीता जी को लंका का राजा रावण अपहरण कर समुद्र पार लंका ले लिया है, तब भी लंका जाकर सीता जी को ढूंढने का कार्य अथाह समुद्र को पार कौन करें? किसमें है इतना साहस? यह विकट समस्या थी । इस विकट समस्या का समाधान जामवंत ने ढूंढ निकाला । उन्होंने हनुमान जी को यह कार्य करने हेतु प्रेरित किया एवं उनमें सोई हुई शक्ति का एहसास दिलाया । हनुमान जी को भी अपने पर भरोसा हुआ और उन्होंने राम नाम लेते हुए समस्त कार्य पूर्ण कर डालें । हताशा निराशा और असफलता जैसे शब्द हमारे जीवन के शब्दकोश में नहीं होनी चाहिए, बल्कि महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए व देनी चाहिए । हमें अपने अच्छे कर्मों को याद कर स्वयं उत्साहित हो पुनः ऊर्जा प्राप्त कर असंभव को संभव बनाने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि कोशिश करने वाले कभी हारते नहीं ।

1 व्यक्ति के मन में नकारात्मक विचार कब आते हैं? 1
- क) जब सारी चीजें विरोध में होती हैं
- ख) जब सफलता प्राप्त होने लगती है
- ग) जब असंभव संभव हो जाता है
- घ) जब मन खिन्न हो जाता है

2 नकारात्मक विचार आने पर व्यक्ति को कौन सा मार्ग दिखाई देता है ? 1
क) संन्यास का ख) पलायन का ग) आत्महत्या का घ) समाधान का

3 उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक होगा ? 1
क) आत्महत्या ख) निराशा ग) अवसाद घ) आत्मविश्वास का बल

4. किसी की निराशा को व्यक्ति कैसे दूर कर सकता है ? 1
5. मनुष्य के जीवन के शब्दकोश में कौन से शब्द नहीं होने चाहिए ? 2
6. मानव को किस से प्रेरणा प्राप्त ऊर्जा ग्रहण करनी चाहिए **?** 2
7. जामवंत ने हनुमान जी को किस का एहसास दिलाया ? 2

**प्रश्न2 - निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **(8)**

मैं फिर जन्म लूँगा,

फिर मैं, इसी जगह आऊंगा।

उचटती निगाहों की भीड़ में, अभावों के बीच,
लोगों की क्षत-विक्षत पीठ सहलाऊंगा।
लँगड़ाकर चलते हुए पाँवों को कंधा दूँगा,
गिरी हुई पद-मर्जित पराजित विवशता को, बाँहों में उठाऊँगा।
इस समय में, इस अनगिनत अचीन्ही आवाजों में कोई दर्द है। कोई नहीं सुनता।
पर इन आवाजों को और कराहों को, दुनिया सुने, मैं यह चाहूंगा।
मेरी तो आदत है रोशनी जहाँ भी हो, उसे खोज लाऊँगा।
कातरता, चुप्पी या चीखें, या हारे हुए लोगों की खीझ,
जहां भी मिलेगी, उन्हें प्यार के सितार पर बजाऊंगा।
जीवन में कई बार उकसाकर, मुझे अनलंघ्य सागरों में फेंका है,
अगन भट्टियों में झोंका है,
मैंने वहां भी, ज्योति की मशाल प्राप्त करने के यत्न किए,
बचने के नहीं, तो क्या इन टटकी बंदूकों से डर जाऊंगा ?
तुम मुझको दोषी ठहराओ, मैंने तुम्हारे सुनसान का गला घोटा है।
पर मैं गाऊंगा, चाहे इस प्रार्थना सभा में, तुम सब मुझ पर गोलियाँ चलाओ,
मैं मर जाऊंगा। लेकिन मैं कल फिर जन्म लूँगा, कल फिर आऊँगा।

क) **प्रस्तुत कविता में कवि ने किसके प्रति श्रद्धांजलि देने का प्रयत्न किया है?** 1

i. शहीद भगत सिंह ii. शहीद चन्द्र शेखर आज़ाद iii. शहीद सुभाष चन्द्र बोस iv. महात्मा गाँधी

ख) **जिसे श्रद्धांजलि दी गई है, वह किनकी सहायता करने के लिए पुनः जन्म लेंगे?** 1

i. दुखी, शोषित, लाचारों, जरूरतमंदों की ii. कवियों की
iii. सारी दुनिया के मनुष्यों की iv. उपरोक्त में से कोई नहीं

ग) **उस महापुरुष ने स्वयं अपने जीवन में क्या झेला था?** 1

घ) **महापुरुष किस से नहीं डरेंगे?** 1

ङ) **महापुरुष की हत्या किस प्रकार की गई थी?** 2

च) **मरने के बाद भी महापुरुष क्या करेंगे? पद्यांश दयांश में से उपरोक्त अर्थ वाली पंक्तियाँ उद्धृत करते हुए समझाइए ।** 2

**अथवा**

तू हिमालय नहीं, तू न गंगा यमुना,
तू त्रिवेणी नहीं, तू न रामेश्वरम।
तू महाशील की है अमर कल्पना,
देश! मेरे लिए तू परम वंदना।
मेघ करते नमन, सिंधु धोता चरण,
लहलहाते सहस्त्र यहां खेत -वन
नर्मदा - ताप्ती, सिंधु, गोदावरी
है कराती युगों से तुझे आचमन।
तू पुरातन बहुत, तू नए से नया,
तू महाशील की है अमर कल्पना।
देश ! मेरे लिए तू महाअर्चना,
शक्ति- बल का समर्थक रहा सर्वदा।
तू परम तत्व का नित्य विचारक रहा,

शांति संदेश देता रहा विश्व को।

प्रेम सद्भाव का नित्य प्रचारक रहा।

सत्य औ' प्रेम की है परम प्रेरणा,

देश! मेरे लिए तू महा अर्चना।

क) कवि ने 'महाशील की अमर कल्पना' किसे कहा है? 1

i. संपूर्ण ब्रह्मांड को ii. एशिया महाद्वीप को iii. भारत देश को iv. उपरोक्त में से कोई नहीं

ख) 'पुरातन' शब्द का सामान्य अर्थ क्या है? 1

i. पूरी तरह नया ii. प्राचीन iii. बर्तन में रखा हुआ iv. उपरोक्त में से कोई नहीं

ग) पद्यांश में किन - किन नदियों के नाम आए हैं? 1

i. नर्मदा, गंगा, कोसी ii. ताप्ती, कोसी, गंगा iii. नर्मदा, गंगा, ताप्ती iv. उपरोक्त में से कोई नहीं

घ) देश का सत्कार प्रकृति कैसे करती है? 1

ङ) कविता में वर्णित देश पुरातन होते हुए भी नित्य नूतन कैसे है? 2

च) 'देश ! मेरे लिए तू महा अर्चना' का भाव स्पष्ट कीजिये। 2

**प्रश्न 3 'अभिव्यक्ति और माध्यम' पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर (लगभग 120 शब्दों में) लेख लिखिए : 6**

क) संचार और जनसंचार के माध्यम

ख) जनसंचार के कार्य

ग) प्रिंट मीडिया

**प्रश्न 4** आपकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु आप ने 3 माह पूर्व संबंधित बी.एल.ओ. के माध्यम से आवेदन पत्र जमा कर दिया था, किंतु आप का नाम क्षेत्र की मतदाता सूची में अभी तक नहीं जुड़ पाया। जिले के कलेक्टर / निर्वाचन अधिकारी को इस संबंध में स्मरण पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

आपकी कॉलोनी में असामाजिक तत्वों का जमघट लगा रहता है, जिसकी शिकायत आपने संबंधित थाने में की थी और थानाप्रभारी द्वारा उनको पूर्व में पकड़कर चेतावनी दी गई थी। वे फिर भी सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाते घूमते हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक को इस संबंध में एक शिकायती पत्र लिखिए।

**प्रश्न 5 (अ) 'अभिव्यक्ति और माध्यम' पुस्तक के आधार पर निम्नलिखितप्रश्नों के उत्तर दीजिये: (लगभग 40 शब्दों में) 2x4=8**

(क) 'संचार' शब्द की उत्पत्तिऔर अर्थ समझाइए।

(ख) टेलीविज़न से प्रसारित कार्यक्रमों से समाज को मूल्यपरक शिक्षा मिलती है या नहीं ? अपनी राय लिखिए।

(ग) "सीधा प्रसारण" से आप क्या समझते हैं?

(घ) "इंटरनेट में जनसंचार के समस्त माध्यम समाये हैं" - इस कथन की व्याख्या कीजिए।

**(ब) निम्नलिखित शब्दों को हिन्दी शब्दकोश के सही क्रम में लिखिए: 3**

औसत, अंकित, कौशल, क्षैतिज, स्वर्ण, ज्ञानचन्द्र

**प्रश्न6 (क) दिए गए काव्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए: 1x5=5**

और माँ ने कहा होगा,

दुख कितना बहा होगा,

आँख में किसलिए पानी

वहाँ अच्छा है भवानी।

वह तुम्हारा मन समझ कर,

और अपनापन समझ कर,

गया है सो ठीक ही है,
यह तुम्हारी लीक ही है।

1. उपरोक्त काव्यांश के कवि हैं-
क. भबानी शंकर षड़ंगी ख. भवानी प्रसाद तिवारी ग. भवानी प्रसाद मिश्र घ. उपरोक्त में से कोई नहीं

2. कवि के पिता के विचलित होने पर उन्हें किसने धैर्य दिया?
क. कवि के मित्र ने ख. कवि की बहनों ने ग. कवि की माता ने घ. उपरोक्त में से कोई नहीं

3. कवि ने किसकी परंपरा को कायम रखा?
क. अपनी माता की ख. अपने पिता की ग. अपने वंश की घ. अपनी बहनों की

4. किसकी आँखों में आंसू थे?
क. माता की ख. पिता की ग. दोनों की घ. उपरोक्त में से कोई नहीं

5. माता ने पुत्र के जेल जाने का कारण क्या बताया?
क. पुत्र ने पुलिस से झगड़ा किया था ख. पिता के मन की बात और देश प्रेम के कारण
ग. बहनों की लाज़ बचाने के लिए घ. उपरोक्त सभी

**प्रश्न7 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: 3x2=6**

(क) कबीर ने ईश्वर एक होने के पक्ष में क्या-क्या तर्क दिए हैं?

(ख) कृष्ण की भक्ति में दीवानी मीरा की दशा का वर्णन पहले पद के आधार पर कीजिए?

(ग) 'घर की याद' कविता में वर्णित कवि के पिताजी की कोई तीन विशेषताएं लिखिए?

**प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए: 2x2=4**

(क) 'घर की याद' कविता के कवि घर पर क्यों नहीं हैं?वे कहाँ हैं ?

(ख) कबीर ने अपने पद में कुम्हार को ईश्वर का प्रतीक क्यों माना है?

(ग) मीराबाई कृष्ण को किस रूप में स्वीकार करती हैं और क्यों?

**प्रश्न 9 दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:** 1x5=5

सचमुच! यह कुत्ता भूलो जैसा ही दिखता था। वह भूलो से बहुत ही मिलता-जुलता था। उसके शरीर का रंग तो भूलो जैसा बादामी था ही, उसकी दुम का छोर भी भूलो के दुम की छोर जैसा ही सफेद था। आखिर यह फेंका हुआ भात उसने खाया, और हमारे उस दृश्य की शूटिंग पूरी हुई। फिल्म देखते समय यह बात किसी के भी ध्यान में नहीं आती कि एक ही सीन में हमने 'भूलो' की भूमिका में दो अलग-अलग कुत्तों से काम लिया है!

1. उपरोक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?
क. घर की याद ख. भूलो की आत्मकथा ग. अपू के साथ ढाई साल घ. नमक का दारोगा

2. पहले वाला भूलो कहाँ चला गया था ?
क. भाग गया था ख. बीमार पड़ गया था ग. मर गया था घ. उपरोक्त में से कोई नहीं

**3.** भूलो व इस कुत्ते में क्या समानता थी ?

4. भूलो की भूमिका में दो अलग-अलग कुत्तों से काम क्यों लेना पड़ा?

5. फिल्म देखने से दर्शकों को किस बात का पता नहीं चला?

**प्रश्न 10 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: 3x2=6**

(क) 'नमक का दारोगा' पाठ में दारोगा के पिता ने उन्हें क्या-क्या शिक्षाएं दी थीं ? क्या वे पिता की उन शिक्षाओं का पालन कर सके?

(ख) मियां नसीरुद्दीन कितने प्रकार की रोटियाँ बनाते थे? किन्हीं चार प्रकार की रोटियों के नाम लिखिए।

(ग) 'अपू के साथ ढाई साल' पाठ में फिल्म निर्माण की किन किन समस्याओं का वर्णन किया गया है? क्या इस क्षेत्र में उपरोक्त समस्याएँ आज भी मौजूद हैं?

**प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए:** 2x2=4

(क) नमक के दारोगा का क्या नाम था? पाठ के आधार पर उनकी कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(ख) मियां नसीरुद्दीन को 'नानबाइयों का मसीहा' क्यों कहा गया है?

(ग) 'विदाई संभाषण' पाठ में लेखक द्वारा व्यंग्य प्रहार किस पर और क्यों किए गए हैं ?

**प्रश्न 12 'वितान' पुस्तक के पाठ 'राजस्थान की रजत बूँदें' के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (लगभग 100 शब्दों में) दीजिये:**

5x2=10

क) राजस्थान में 'कुंईं' किन किन क्षेत्रों में बनाई जाती हैं और क्यों? विस्तार से लिखिए।

ख) राजस्थान में 'कुंईं' के क्षेत्रों में पानी के कितने प्रकार पाये जाते हैं?

**ग) टिप्पणी लिखिए :**

1. 'कुंईं' के निर्माण की विधि
2. राजस्थान में चेलवांजी का महत्व